टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश को लेकर कल होगा मंथन

राब्यू, जागरण● लखनऊ : प्रदेश को टेक्सटाइल का हब बनाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सरकार की तरफ से प्रदेश में स्थापित किए जाने वाले नए टेक्सटाइल पार्कों में निवेश के लिए शनिवार को ताज होटल में इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समिट का उद्घाटन करेंगे। समिट में निवेश को प्रोत्साहित करने को लेकर राज्य सरकार की नीतियों की जानकारी दी जाएगी।

राज्य सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री वस्त्र परिधान पार्क योजना के तहत प्रदेश में दस नए टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की घोषणा की है। ये टेक्सटाइल पार्क कानपुर, बाराबंकी, हापुड़, मऊ, भदोही, संत कबीर नगर, गोरखपुर,

मुख्यमंत्री करेंगे इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन, जुटेंगे देशभर के टेक्सटाइल उद्योग के प्रतिनिधि

गाजियाबाद, मेरठ व हरदोई में स्थापित किए जाएंगे। इनमें एक हजार से ज्यादा इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इससे आठ हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आएगा। साथ ही 40 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

इन टेक्सटाइल पार्कों को निजी कंपनियों द्वारा संबंधित जिलों के टेक्सटाइल उद्योगों की मांग के अनुसार विकसित किया जाएगा। समिट में इन टेक्सटाइल पार्कों को लेकर सरकार की तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। सरकार प्रदेश के 34 जिलों में हथकरघा उद्योग को नए सिरे से बढ़ावा देने की योजना पर भी काम कर रही है।

युवा उद्यमी विकास योजना में लक्ष्य से अधिक युवाओं ने किया आवेदन

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में लक्ष्य से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में एक लाख युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 1,51,590 युवाओं ने आवेदन कर दिया है, जबकि 17,770 युवाओं को ऋण वितरित किया जा चुका है। बैंकों ने 32,757 युवाओं को ऋण देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।